# कोरोना रोकने के इंतजामों की समीक्षा

## सीएम ने वीसी में जिला संकट प्रबंधन समूह से की चर्चा

12-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मंगलवार शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग में रतलाम में कोरोना नियंत्रण की विशेष रूप से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में विशेष रणनीति के तहत कार्य किया जाएगा। वे शीघ्र ही रतलाम आकर समीक्षा करेंगे। रतलाम एनआइसी कक्ष में इस दौरान जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे, राजेंद्रसिंह लुनेरा, मनोहर पोरवाल, महेंद्र कटारिया, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, मेडिकल कालेज डीन डा. जितेंद्र गुप्ता तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान रतलाम एनआइसी कक्ष में उपस्थित अधिकारी और जनप्रतिनिधि। ●नईदुनिया

### जनता का सहयोग लेकर काम करें

वीसी में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना नियंत्रण के लिए जनता का सहयोग लेते हुए परिश्रम के साथ अधिकारी कार्य करें। विधायक डा. पांडे ने अधिक संख्या में आक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनों की मांग की। इस पर सीएम ने कहा कि एक-दो दिनों में 30 या 40 कंसंट्रेटर रतलाम पहुंच जाएंगे। विधायक डा. पांडे ने मुख्यमंत्री को बताया कि जावरा में 88 लाख रुपये जन सहयोग से जमा किए हैं। इससे आगामी 15 या 20 मई तक आक्सीजन प्लांट चालू कर दिया जाएगा इसके अलावा उक्त राशि से अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। जावरा अक्सीजन प्लांट से होम आइसोलेटेड मरीजों को सिलिंडर भर कर दिए जाने की व्यवस्था भी रहेगी।

### पहले क्यों नहीं की सख्ती

मुख्यमंत्री को कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना कर्फ्यू जैसी सख्ती की गई है। सीएम ने एसपी से पूछा कि पहले सख्ती क्यों नहीं की गई। रतलाम को लेकर मैं चिंतित हूं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मेडिकल कालेज में बेड क्षमता बढ़ाई जाए, जिससे वहां भर्ती के लिए आने वाले मरीज निराश होकर नहीं लौटें।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री को बताया कि दो-तीन दिनों में मेडिकल कालेज में बेड क्षमता और बढ़ा दी जाएगी। सीएम ने जिले में छोटे कोविड केयर सेंटर भी विभिन्न स्थानों पर चालू करने के निर्देश दिए।

नई दुनिया

12-5-21

(४)

# कर्मचारी पेंशन योजना में चार % बढ़ेगा सरकार का अंशदान

12-5-21

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में 2005 के बाद भर्ती हुए 4.49 लाख से ज्यादा अधिकारियों-कर्मचारियों की राष्ट्रीय पेंशन योजना में सरकार अपना अंशदान चार फीसद बढ़ाएगी। अब यह 14 प्रतिशत होगा। इस कदम से सरकार पर सालाना लगभग छह सौ करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। अभी प्रदेश में आइएएस, आइपीएस और आइएफएस अधिकारियों के लिए सरकार 14 प्रतिशत अंशदान ही दे रही थी। उधर, पिछले साल किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए चमकविहीन गेहूं के बदले में सरकार राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को 31 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करेगी। बैठक में वर्ष 2021-22 के लिए आबकारी नीति पर कोई फैसला नहीं हो सका। अब इस पर फिर से विचार कर प्रस्ताव रखा जाएगा। कैबिनेट बैठक के निर्णयों की जानकारी देते हुए गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि विधायक जुगल किशोर बागरी, बृजेंद्र सिंह राठौर और कलावती भूरिया के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

नईदुनिया 12-5-21

# मप्र सरकार पेंशन के लिए देगी 4% ज्यादा अंशदान, 5 लाख कर्मचारियों को फायदा

## अभी प्रदेश सरकार पेंशन योजना में 10 प्रतिशत अंशदान दे रही है

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425078939

12-5-21

मध्यप्रदेश सरकार ने अब पेंशन योजना में अपने अंशदान की राशि 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई वर्चुअल बैठक में यह निर्णय लिया गया। इससे प्रदेश के करीब 5 लाख कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। अभी तक सरकार अधिकारियों के लिए 14 प्रतिशत अंशदान देती थी। यह पेंशन योजना मप्र में 2005 से लागू है। बैठक में नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष का पद सृजित किया है। ये उपाध्यक्ष राज्य नीति एवं योजना आयोग के भी पदेन उपाध्यक्ष होंगे। संस्थान में सीईओ और अतिरिक्त सीईओ का भी पद मंजूर किया गया है।



शिवराज कैबिनेट

### यह भी निर्णय हुए

- सैनिक स्कूल सोसायटी को ग्राम मालनपुर में 20.95 हेक्टेयर शासकीय
- मार्कफेड को 2021-22 से 2023-24 तक डीएपी, काम्पलेक्स, यूरिया आदि की व्यवस्था करने 600 करोड़ की गारंटी।
- प्रदेश में कृषक मित्र चयन के लिए आयु 40 वर्ष की जगह 25 वर्ष की जाएगी।
- सीहोर के सोयाबीन प्लांट पचामा का प्लांट और मशीनरी 100% निविदा आने पर सहकारिता आयुक्त बेच सकेंगे।

पीपुल्स समाचार 12-5-21

**कैबिनेट बैठक: अंशदान किया 14%**

# सौगातः राज्य सरकार ने कर्मचारी पेंशन में 4% अंशदान बढ़ाया

**भोपाल.** शिवराज सरकार ने मंगलवार को कर्मचारियों के पेंशन में राज्य के अंशदान में चार फीसदी की बढ़ोतरी कर दी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को वर्चुअल कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कर्मचारियों की राष्ट्रीय पेंशन योजना में अब तक राज्य सरकार का अंशदान दस प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 14 प्रतिशत हो जाएगा। इसमें 2005 के बाद भर्ती अधिकारियों-कर्मचारियों की पेंशन में सरकार ने अंशदान बढ़ाया है। सीएम ने विधानसभा के बीते बजट सत्र में इस पर सहमति दी थी। इससे राज्य पर करीब 608 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एक अप्रेल 2019 से अंशदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है।

**कॉमन कोरोना योद्धा योजना:** सरकार ने प्रदेश में अब कॉमन सीएम कोरोना योद्धा योजना लागू करना तय किया है। कैबिनेट में इसे भी मंजूरी दी गई। अभी तक विभाग स्तर पर योजना के आदेश जारी होते थे, लेकिन अब समग्र नीति बनाकर उसे जारी किया जाएगा।



### मुफ्त इलाज की योजना को मंजूरी

प्रदेश में आयुष्मान कार्डधारक के लिए मुफ्त कोरोना इलाज की योजना को कैबिनेट में मंजूरी दी गई। इसके तहत आयुष्मान कार्डधारक को योजना का लाभ मिलेगा। इसमें इलाज सहित दवा-इंजेक्शन आदि भी मुफ्त रहेंगे। राज्य सरकार निजी अस्पतालों से अनुबंध करेगी।

**ब्लैक फंगस के लिए हाईपावर कमेटी:** कैबिनेट में कोरोना पर भी चर्चा हुई। इसके तहत ब्लैक फंगस की रोकथाम के लिए राज्य स्तरीय कमेटी बनाना तय किया गया। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि इसके लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं।

### ये भी हुए अहम निर्णय

- राज्य एवं जिला सहकारी कृषि व ग्रामीण विकास बैंकों के शेष कर्मचारियों का संविलियन की योजना की अवधि 30 जून 2021 तक बढ़ाया।
- कृषक मित्र के चयन नियमों में संशोधन को मंजूरी। अब योजना में 25 वर्ष से ज्यादा उम्र के किसान शामिल हो सकेंगे। अभी तक न्यूनतम आयु 40 वर्ष थी।
- ग्वालियर की अल्फा कॉलोनी में राजस्व विभाग की सम्पत्ति को 5 करोड़ 87 लाख 40 हजार रुपए में नीलाम करने मंजूरी।
- सुशासन संस्थान के उपाध्यक्ष को राज्य नीति आयोग में भी पदेन उपाध्यक्ष के प्रस्ताव को मंजूरी।
- खाद के लिए राज्य विपणन संघ को नोडल एजेंसी बनाया। मार्कफेड के जरिए वितरण होगा।
- मालनपुर भिंड में एक रुपए भूभाटक के शुल्क पर सैनिक स्कूल के लिए जमीन देने मंजूरी।

पत्रिका 12-5-21

शहर में 50 जगह बने माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र

# कोरोना संक्रमण : जिले के 66 गांवों में बने कंटेनमेंट जोन, 1232 लोग कोरोना पॉजिटिव

## सबसे ज्यादा प्रभावित गांव जनपद पंचायत रतलाम और पिपलोदा, सबसे अधिक मरीज बिलपांक और शिवगढ़ गांव में



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

12-5-21

रतलाम. जिले में कोरोना की दूसरी लहर अब बेकाबू हो चली है। यहां हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि कोरोना की चपेट में अब पूरे गांव समाने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना को फैलने से रोकने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि 5 से अधिक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने पर पूरा गांव कंटेनमेंट बनेगा जिसके तहत रतलाम जिले की 66 ग्राम पंचायतों के 66 गांवों को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रतलाम शहर में भी 50 माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाए गए हैं।

कोरोना की दूसरी लहर में सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों को प्रभावित किया है। यही कारण है कि अब गांवों में भी कोरोना मरीज निकलने लगे हैं। जिले में सबसे ज्यादा बुरे हालात कहीं है तो वह जनपद पंचायत रतलाम के बिलपांक गांव और जनपद पंचायत सैलाना के शिवगढ़ गांव के है। इन दोनों ही गांव में बड़ी संख्या कोरोना के मरीज मिले हैं। बिलपांक गांव में जहां 236 मरीज सामने आए हैं तो वहीं शिवगढ़ गांव में 148 मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं।

### ये हैं हालात

| जपं | ग्राम पंचायत | संक्रमित |
|---|---|---|
| रतलाम | 39 | 766 |
| पिपलोदा | 13 | 138 |
| आलोट | 07 | 055 |
| सैलाना | 04 | 226 |
| बाजना | 02 | 040 |
| जावरा | 01 | 007 |

वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत जावरा के सिर्फ एक गांव रिंगनोद में कोरोना के 5 से अधिक यानी कि 7 मरीज मिले हैं। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी गांव में कोरोना मरीजों की संख्या 5 से अधिक नहीं है। गांव में और मरीज ना बढ़े उसके लिए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर यहां पर कंटेनमेंट जोन बनाने का निर्णय लिया है। जिले में कोरोना के बढ़ते कहर से हर कोई परेशान है।

### शहर में बने 50 माइक्रो कंटेनमेंट

वहीं दूसरी ओर रतलाम शहर में कलेक्टर के निर्देश पर जिन इलाकों में अधिक संक्रमित पाए जा रहे हैं, उन क्षेत्रों में माइक्रो कंटेनमेंट बनाए जाने की शुरुआत कर दी गई है। शहर में 50 स्थान चयनित किए जा चुके हैं, जहां माइक्रो कंटेनमेंट बन गए हैं। इसके तहत किसी घर में संक्रमित व्यक्ति मिलता है तो उसके आसपास के अन्य घर को कंटेनमेंट क्षेत्र में लेकर गली को कंटेनमेंट क्षेत्र में बनाया जा रहा है। अधिक लोग या घरों में मरीज मिलने पर इसे बड़ा भी किया जा रहा है।

पत्रिका
12-5-21

# कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए अब माइक्रो कंटेनमेंट बनाने का काम पुनः शुरू

## शहर की स्थिति को देखने के बाद कलेक्टर पहुंचे पिपलौदा-जावरा-सैलाना क्षेत्र में





रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में कोरोना के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए अब प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आज पिपलौदा क्षेत्र का भ्रमण कर कोरोना पीड़ित मरीजों के लिए की जा रही उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया, साथ ही मरीजों का उपचार सही तरीके से हो उसके निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में जिन इलाकों में मरीज अधिक संक्रमित पाए जा रहे है वहां पर माइक्रो कंटेनमेंट बनाने के निर्देश दिए है, जिसकी शुरुआत की जा चुकी है। 50 स्थान चयनित किए गए है।

कोरोना के प्रथम लहर के दौरान तत्कालिन कलेक्टर रूचिका चौहान ने जिस तेजी से कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के प्रयास किए थे तथा कोरोना पीड़ित परिवारों के यहां कंटेनमेंट एरिये बनाने की शुरुआत की थी उसी की झलक अब देखने में आ रही है। बनाए गए कंटेनमेंट क्षेत्र में गणेश नगर नयागांव में चार संक्रमित पाए जाने पर 12 घरों का कंटेनमेंट बनाया गया है। इसी तरह गणेश नगर, इंदिरा नगर में दो संक्रमित पाए जाने पर छः घरों का कंटेनमेंट, ओल्ड ग्लोबल सिटी में दो संक्रमित पेशेंट पाए जाने पर 18 घरों का, इंद्रलोकनगर विष्णुपुरी में 4 संक्रमित पाए जाने पर 34 घरों का तथा इंद्रलोक नगर में दो पेशेंट पाए जाने पर 8 घरों का कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया है।

### सोमवार को मिले 360 पॉजिटिव

जिले में 10 मई सोमवार को किए गए कोरोना की जांच रिपोर्ट के अनुसार रतलाम सिटी में 118, पिपलोदा में 56, सैलाना में 29, ताल में 23, जावरा में 14, बिरमावल में 9, शिवगढ़ में 7, आलोट में 6 कोरोना पॉजिटिव एवं जिले के अन्य ग्राम नामली, बाजना, नायन, बड़ी सरवन, सरवन, बड़ोदिया, शिवपुर, कांडरवासा, मुनिया महादेव, बहादुरपुर, चौरासी बड़ायला, आक्यांखुर्द, संगाखेड़ा, रत्तागढ़खेड़ा, सालाखेड़ी, अमलेठा, पलसोड़ा, पल्दुना, करिया, छावनी, तालखेड़ा, नाकटवाड़ा, हिम्मतखेड़ी, मालखेड़ा, सनवाड़ा, उमरगढ़, कालुखेड़ी, धोलका, बंजली, हरथली, खरवाखुर्द, ढीकवा, नगरा, मथुरी, शिवपुर आदि ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 88 कोरोना पॉजिटिव मिलाकर जिले में टोटल 360 महिला व पुरुषों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

### शहर में भी रैपीड रिस्पांस टीम ने भ्रमण करना शुरू कर दिया है

जिस घर में पॉजिटिव कोरोना मरीज पाया जाता है उसके पूरे घर वालो को मेडिसीन किट के माध्यम से दवाई उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि परिवार के अन्य व्यक्ति स्वस्थ रहे, गंभीर बीमारी न हो। रैपीड रिस्पांस टीम उसके घर जाकर अन्य परिजनों की भी सैम्पलिंग करेगी। सभी संदिग्ध कोरोना मरीजों को मेडिसीन कीट उपलब्ध करवाएगी। खांसी, बुखार आदि बीमारी की जानकारी मिलने पर दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी उठाए जा रहे है सख्त कदम

बीमारी के प्रसार पर नियंत्रण के लिए ग्रामीण इलाकों में सख्त कदम उठाए जा रहे है। जिस गांव में पांच से ज्यादा मरीज पाए जाते है वहां पूरे गांव को कंटेनमेंट बनाया जाएगा। सर्वेक्षण दलों द्वारा पूरी गंभीरता के साथ सर्वेक्षण किया जाकर मरीज चिन्हित किए जाएंगे। यदि कोरोना काल के नियमों के तहत दुकाने बंद करने के निर्देश दिए गए है, यदि कोई दुकान खुली पाई गई तो दुकानदारों को दंडित किया जाएगा। कलेक्टर ने जनपद तथा ग्राम स्तरों पर आपदा प्रबंधन समितियां बनाने के निर्देश दिए है।

### पिपलौदा क्षेत्र में किया कलेक्टर ने भ्रमण

पिपलौदा प्रतिनिधि के अनुसार जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम ने पिपलौदा क्वॉरंटाइन सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी सहित तहसील के आला अधिकारी से चर्चा की। व व्यवस्थाओ का जायजा लिया। बेवजह घूम रहे लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने को भी कहा। साथ ही पिपलौदावासियों से अपील करते हुए कहा कि पिपलौदा के हालात अभी ठीक नहीं है यहां काफी केस है इसे हम कोरोना मुक्त नगर बनाने में सहयोग करें व अपने घरों में रहे परिवार के साथ समय व्यतीत करें, मेडिकल इमरजेंसी होने पर ही आप घर से बाहर निकले। दुकानदारों के लिए कहा कि अगर कोई दुकान खुली पाई जाए तो तुरंत कार्रवाई करो, क्योंकि यह लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं हम सब की है। सब मिलकर नगर को कोरोना मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करें। कलेक्टर के साथ ही पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी सहित अधिकारियों ने रानीगांव फंटा कोविड सेंटर का भी निरीक्षण किया।

**जलभराव और ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों में से लोगों को विस्थापित करने वाले बड़े भवनों की बनेगी सूची**

# निकायों में कोरोना के हिसाब से तय होगा मानसून मैनेजमेंट का रोडमैप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



भोपाल. प्रदेश में कोरोना संक्रमण के बचाव के हिसाब से मानसून से निपटने के लिए नगरीय निकायों को रोडमैप तैयार करने के लिए कहा गया है। निकायों को यह भी बताना पड़ेगा कि ज्यादा जलभराव वाले क्षेत्र के लोगों को विस्थापित करने पर सामाजिक दूरी के हिसाब से परिवारों को रखने के लिए भवनों की क्या व्यवस्था है?

वहीं संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिए गंदगी और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में बारिश से पहले और बाद में ब्लीचिंग पावडर, कीटनाशक दवा का छिड़काव करना अनिवार्य किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों को निर्देश दिए हैं कि जो निकाय बड़ी नदियों के किनारे हैं, उनमें पूर्व अनुभव को देखते हुए नई व्यवस्थाएं बनाई जाएं। शहरों के बीच से निकलने वाले बड़े नालों के किनारे बसी झुग्गियों के लिए भी प्लान तैयार करें, जिससे लोगों को ऐनवक्त पर विस्थापित करने पर अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़े। यह भी कहा गया है कि सीवेज, पानी की पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत इस माह के अंत तक कराएं। नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाए।

### पुल-पुलियाओं की कराएं मरम्मत

विभाग ने निकायों को शहरी क्षेत्र की पुल-पुलिया की मरम्मत करने के लिए कहा है, जिससे इनके टूटने से आवागमन बंद न हो। अगर निकायों को ऐसा लगता है कि पुल-पुलिया बारिश में टूट सकती हैं तो वे उसके विकल्प भी तैयार करें। इनके तत्काल निर्माण के लिए भी कार्ययोजना बनाई जाए। इसके लिए एक प्लान विभाग के पास भेजें, जिससे निकायों को राशि आवंटित की जा सके। जर्जर, खंडहर, पुराने शासकीय और निजी भवनों को चिह्नित कर तोड़ा जाए।

### इंदौर में मानसून पूर्व ये हो रहीं तैयारियां

कोरोना कर्फ्यू के बीच इंदौर नगर निगम ने बरसात की तैयारियां शुरू कर दी है। पहले चरण में शहर के नदी-नालों की सफाई का हो रहा है। निगम ने कुलकर्णी भट्टा से होते हुए कान्ह नदी में मिलने वाले नाले को साफ करना शुरू किया है। गाद निकालने का काम जारी है। हालांकि बरसात के पहले शहर के खतरनाक मकानों की पहचान करने जैसे गंभीर काम नगर निगम शुरू नहीं कर पाया है। इंदौर में हर साल आधा दर्जन से ज्यादा मकानों के ढहने के मामले सामने आते हैं।

पत्रिका
12-5-21

## मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना का मिले सभी पात्रों को लाभ

# प्रदेश में नियंत्रण में आ रहा कोरोना-मुख्यमंत्री

भोपाल ● 11 मई ( ब्यूरो ) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण निरंतर नियंत्रण में आ रहा है। प्रदेश में कोरोना पॉजिटिविटी रेट 25 प्र. तक पहुंच गई थी, जो लगातार कम हो रही है। अब यह घटकर 14.78 प्र. हो गई है। आज कोरोना के नए प्रकरण 9754 आए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना में प्रदेश की अधिकांश जनसंख्या ( 88 प्र. ) कवर हो रही है। केवल उच्च वर्ग छूटा है। इस योजना का सभी जिलों में लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैबिनेट की बैठक की कार्यवाई के पूर्व संबोधित कर रहे थे। बैठक में संबंधित मंत्री और अधिकारी




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल हुए। कैबिनेट बैठक का प्रारंभ वंदेमातरम गायन के साथ हुआ। इसके बाद दिवंगत विधायक, जुगलकिशोर बागरी, बृजेन्द्र सिंह राठौर एवं श्रीमती कलावती भूरिया को श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन रखा गया।

### गरीबों को 5 माह का निःशुल्क राशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर वर्ग के हर गरीब को 5 माह का निःशुल्क उचित मूल्य राशन दिया जा रहा है, जिसमें से 3 माह का राशन राज्य सरकार द्वारा तथा 2 माह का केन्द्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इसके लिए पात्रता-पर्ची, अंगूठे के निशान, आधार लिंकेज आदि की आवश्यकता नहीं है। हर गरीब को यह राशन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

### तीसरी लहर की तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कोरोना की तीसरी लहर के प्रति भी पूर्ण रूप से सचेत है तथा उसके लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। कोरोना इलाज के साइड इफैक्ट ब्लैक फंगस के इलाज के लिए भी व्यवस्थाएं की गई हैं।

### गेहूं उपार्जन के लिए बधाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संकटकाल में भी अभी तक 1 करोड़ मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कर लिया गया है। इसके लिए सहकारिता एवं खाद्य विभाग बधाई के पात्र हैं। सरकार चमकविहीन गेहूं का भी क्रय कर रही है। गत वर्ष के चमकविहीन गेहूं की खरीदी का 31 करोड़ 19 लाख रुपए का व्यय राज्य शासन द्वारा वहन किया गया है।

12-5-21

**कोरोना का कहर** • रावटी, बिलपांक, शिवगढ़, सैलाना, करिया, नामली तक पहुंचाने वाले रास्ते बंद किए

# शहर में 13 माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बने, 66 ग्राम पंचायतें चपेट में, 6 गांव सील

- पुलिस चेकिंग के बाद ही गांव में प्रवेश, अफसर घूमते हुए रख रहे नजर
- गाइडलाइन तोड़ने वालों को अब समझाइश नहीं देंगे, सीधे कार्रवाई होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दूसरी लहर पर सवार कोरोना पूरी तरह बेकाबू हो चुका है। शहर में संक्रमण को लेकर सक्रिय 50 इलाके हैं। इस पर प्रशासन ने सक्रियता दिखाई है। अब तक इनमें से 18 को माइक्रो कंटेनमेंट बनाकर बंद कर दिया गया है। मंगलवार को 13 और माइक्रो कंटेनमेंट एरिया बनाए गए, जबकि सात दिन का समय पूरा होने पर शास्त्री नगर में बनाया गया कंटेनमेंट क्षेत्र खोल दिया गया। जिले की बात करें तो वायरस ने 364 ग्राम पंचायतों में से 66 को चपेट में ले लिया है। प्रभावित 66 ग्राम पंचायतों में 1232 से ज्यादा पॉजिटिव मिलने के बाद प्रशासन ने गांव बंदी शुरू कर दी है।

मंगलवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम रावटी, बिलपांक, शिवगढ़, सैलाना, करिया और नामली के सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर सील बंद कर दिया गया है। इतना ही नहीं अंदर के प्रमुख रास्तों और चौराहों पर पुलिस और सरकारी अफसर तैनात कर दिए हैं ताकि अनावश्यक आवाजाही रोकी जा सके। बिलपांक के हालात चिंताजनक हैं और यहां पर 236 कोरोना संक्रमित सामने आ चुके हैं।

**कलेक्टर ने कहा- अब समझाइश छोड़ो, सीधे कार्रवाई करो :** - कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अफसरों को फ्री हैंड देते हुए कहा है कि गाइडलाइन तोड़कर बेवजह घूमते पाए जाने पर अब समझाइश नहीं बल्कि सीधे कार्रवाई करो।

## जिले में कहां-कहां तक फैल चुका कोरोना

| जनपद पंचायत | ग्राम पंचायत | संक्रमित |
|---|---|---|
| रतलाम | 39 | 766 |
| पिपलौदा | 13 | 138 |
| आलोट | 7 | 55 |
| सैलाना | 4 | 226 |
| बाजना | 2 | 40 |
| जावरा | 1 | 7 |

## शहर में इन इलाकों में बने माइक्रो कंटेनमेंट एरिया



अलकापुरी अंबे चौक के पास वाली गली को मंगलवार को कंटेनमेंट बनाकर बंद करता निगम का अमला।

| | |
|---|---|
| वेदव्यास कॉलोनी | 4 |
| आदर्श नगर | 2 |
| बालाजी नगर | 1 |
| तेजानगर | 1 |
| गुलमोहर | 1 |
| धानमंडी | 1 |
| टाटा नगर | 1 |
| त्रिमूर्ति नगर | 1 |
| अलकापुरी | 1 |

## रतलाम जिले के इन गांवों में 5 से ज्यादा पॉजिटिव, बिलपांक में 236 पॉजिटिव सामने आए

**क्षेत्र** गांव-मरीजों की संख्या

- **बाजना**-रावटी-24, बाजना-16
- **पिपलौदा**- आंबा-17, बड़ायलामाताजी-17, कमलाखेड़ा-17, सोहनगढ़-15, कालुखेड़ा-14, चिकलाना-11, रियावन-9, शेरपुर-9, बोरखेड़ा-6, काबुलखेड़ी-6, माऊखेड़ी-6, नवेली-6, धामेड़ी-5
- **रतलाम** - बिलपांक-236, धराड़-60, बांगरोद-26, पलसोड़ा-26, सेजावता-25, अमलेटा-23, बिरमावल-22, सेमलिया-22, पंचेड़-20, लुनेरा-19, नेगड़दा-19, उसरगार-18, भदवासा-17, धौंसवास-17, शिवपुर-16, मुवासा-15, सिमलावदा-14, डेलनपुर-13, जड़वासाखुर्द-12, घटला-11, मांगरोल-11, जड़वासाकला-10, बदनारा-9, बड़ौदा-9, रामपुरिया-9, बाजेड़ा-8, बोदिना-8, नगरा-8, मऊ-7, नौगांवाजागीर-7, करमदी-6, दंतोड़िया-6, मुंदड़ी-6, नौगांवाकला-6, धामनोद-5, धोलका-5, पल्दुना-5, प्रीतमनगर-5, रत्तागढ़खेड़ा-5
- **सैलाना** - शिवगढ़-148, सरवन-48, अडवानिया-18, करिया-12
- **जावरा** - रिंगनोद-7
- **आलोट**-बरखेड़ा-12, करवाखेड़ी-9, शिलाखेड़ी-9, पाटन-8, कराड़िया-6, खारवाकला-6, तालोद-5

(आंकड़े 9 मई तक के)

## सैलाना : नगर सहित चार गांवों की सीमाएं सील



मंगलवार को नगर के साथ समीपस्थ ग्राम अड़वानिया, सकरावदा, करिया व नारायणगढ़ को भी सील बंद कर दिया गया। प्रमुख मार्गों पर पुलिस टीम सभी आने-जाने वालों से सख्ती से पूछताछ के बाद ही गांव में जाने दे रही है। थाना प्रभारी शिवमंगलसिंह सेंगर ने बताया चेकिंग की जा रही है। गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करेंगे।

## नामली : आठों मार्ग बंद, सेमलिया गांव भी सील



लगातार पॉजिटिव मरीज निकलने के बाद मंगलवार को नामली तक पहुंचने वाले सभी आठ रास्ते सेमलिया रोड, जावरा रोड बायपास, सैलाना रोड, खेड़ापति हनुमान मंदिर, रतलाम रोड, कलौरी रोड को पाइप और रस्सी लगाकर बंद कर दिया गया। समीपस्थ ग्राम सेमलिया को भी सील कर दिया गया है। तहसीलदार मुकेश सोनी, सीएमओ केशव सिंह सागर, थाना प्रभारी बीएल भाभर दिनभर घूमते रहे।

## शिवगढ़ : 12 पुलिसकर्मी पॉजिटिव, युवा जुटे मदद में



| | |
|---|---|
| पॉजिटिव | 148 |
| एक्टिव | 123 |
| मौत | 2 |

**क्या खास** - थाने के 12 पुलिस जवान पॉजिटिव हो गए हैं। पर्याप्त बल नहीं होने के कारण ग्राम के विष्णु प्रजापति, जॉनी सुराणा, मनीष सोनी, राकेश नगरिया, अंकित सुराणा, जितेंद्र नगरिया, श्रवण लबाना, दक्ष नगरिया, आर्यन गोयल सहित अन्य युवा पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। मंगलवार को गांव सील करने के बाद एसडीएम कामिनी ठाकुर ने जायजा लिया।

## रावटी : पॉजिटिव निकले तो कोविड सेंटर भेजेंगे



| | |
|---|---|
| पॉजिटिव | 107 |
| एक्टिव केस | 61 |
| मौत | 2 |

**हालात**- मंगलवार को नगर में आने वाले शिवगढ़-रावटी रोड, तलाई चौराहा, नायन चौराहा सहित अन्य रास्तों को बैरिकेडिंग से बंद कर दिया है। बेवजह बाजार में निकलने वालों को रोकने प्रमुख मार्गों पर कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। शिकायत मिलने पर एसडीएम ने कंटेनमेंट खोलकर घूमने वालों पर चालानी कार्रवाई करने और गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले पॉजिटिव को बाजना कोविड सेंटर भेजने के निर्देश दिए।

दै. भास्कर 12-5-21

# मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पहुंचा रहे हैं कर्मचारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो, इस हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पहुँचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है, साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे हैं।

12-5-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

फील्ड में कार्यरत पत्रकारों को फ्रंटलाइन वारियर्स घोषित करने की मांग को लेकर प्रेस क्लब द्वारा धरना दिया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश के अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को फ्रंटलाइन वारियर्स घोषित किया।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रदेश भर में पत्रकार संगठनों ने फील्ड में कार्य करने वाले गैर अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी फ्रंटलाइन वारियर्स घोषित करने की मांग की थी। इस मांग को लेकर पत्रकार संगठनों एवं पत्रकारों द्वारा प्रदेश भर में एक साथ धरना आंदोलन किए जाने की अपील की गई थी, जिसके समर्थन में प्रेस क्लब हॉल में भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक धरना दिया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव मुकेश पुरी गोस्वामी सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## नगर निगम ने 109 मरीजों और 264 मेडिसिन किट परिजन को दी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम के दल ने मंगलवार को 109 होम आइसोलेट मरीजों को घर जाकर मेडिसिन किट दी। ई-दक्ष केंद्र से 135 मरीजों की सूची मिली थी। 109 मरीज घर पर मिल गए, जबकि 7 उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती थे। 7 मरीजों के कांटेक्ट नंबर और पते गलत निकले। अन्य 7 नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर के थे, चार मरीजों को किट मिल चुकी थी। इसके अलावा 264 मेडिसिन किट मरीजों के परिजन को भी दी गई।

## पलसोड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति आज रहेगी बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बिजली कंपनी बुधवार को पलसोड़ी लाइन का मेंटेनेंस करेगी। इससे शिवगढ़, खेड़ा, महापुरा, जामदाभिलान, कालाखेत, हिंडोला,बावड़ी, कांग्सी, सुंडी, राजखोरा, कोटड़ी, गढ़, लाबाना, जाम्बुकुड़ी, नयाखेड़ा, जुनापानी, खोखरा, पलसोड़ी, रामपुरिया, नया टापरा, पाटडी, बिबड़ौद, सागोद, बिबड़ौद खदान व अन्य आसपास के गांवों की बिजली सुबह 7 से 11 बजे तक बंद रहेगी।

# नगर के विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी से किया सेनेटाईज

रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु जिला कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है, साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 11 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावडी, मदरसा खाचरोद रोड, वेदव्यास कालोनी, सूबेदार वाली गली, लक्ष्मी नगर, शुभ विहार कालोनी, धानमण्डी सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

(15)

# 18+ के लोगों को आज छह स्थानों पर लगाए जाएंगे टीके

## 45+ के लोग 14 केंद्रों पर लगवा सकेंगे टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-5-21

जिले में बुधवार को 18+ और 45+ के लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया 18+ के लोगों को 6 स्थानों पर वैक्सीन लगेगी, इसमें लायंस हॉल, मोहन टॉकीज, आईएमए हॉल, सूरज हॉल, गुरुनानक सिंध भवन, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल में टीकाकरण किया जाएगा। सभी को प्री-अलॉटमेंट के आधार पर ही वैक्सीन लगाई जाएगी। वहीं, 45 साल से ज्यादा आयु के लोगों के लिए 14 केंद्रों का चयन किया गया है।

ये लोग सीधे केंद्र पर पहुंचकर टीका लगवा सकेंगे। इसमें प्री-बुकिंग अनिवार्य नहीं होगी। आधार कार्ड साथ लेकर जाना होगा। 45+ के लोगों को जैन काश्यप सभागृह, कम्युनिटी हॉल में कोविशिल्ड का टीका लगाया जाएगा। हायर सेकंडरी स्कूल बिलपांक, हायर सेकंडरी स्कूल नामली में कोविशील्ड का टीका लगेगा। सैलाना के नगर परिषद, ग्राम पंचायत भवन शिवगढ़, ग्राम पंचायत भवन सरवन में कोविशील्ड का टीका लगेगा। पिपलौदा में जनपद पंचायत भवन, जावरा में रेडक्रॉस सोसायटी मीटिंग हॉल, रावटी, आलोट आंबेडकर भवन, खारवांकला मांगलिक भवन, ताल में पोरवाल धर्मशाला में कोविशील्ड का टीकाकरण होगा। फ्रंटलाइन वर्कर को पुराने कलेक्टोरेट में को-वैक्सीन लगाई जाएगी।

12-5-21

# पत्रिका कोरोना हेल्प कॉर्नर

## कोविड सेंटर हेल्पलाइन नंबर

जीएमसी हेल्प लाइन - 07412 284433
जीएमसी हेल्प डेस्क - 94071 96101
जीएमसी हेल्प लाइन - 07412 284421

## वैक्सीन सेंटर

**18 से 44 वर्ष उम्र के लोगों टीकाकरण**

रतलाम लायंस हॉल,
मोहन टॉकीज घास बाजार,
आईएमए हॉल राजेन्द्र नगर,
सूरज हॉल वेदव्यास कॉलोनी,
गुरुनानक सिंध भवन
विरियाखेड़ी रोड,
जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल

**45 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए**

काश्यप सभागृह सागोद रोड
कम्युनिटी हॉल अल्कापुरी
हायर सेकंडरी स्कूल बिलपांक
हायर सेकंडरी स्कूल नामली
नगर परिषद सैलाना
ग्राम पंचायत भवन शिवगढ़
ग्राम पंचायत भवन सरवन
पिपलौदा में पंचायत भवन
जावरा में रेडक्रॉस सोसायटी
बाजना मांगलिक भवन
रावटी बालक छात्रावास
अंबेडकर भवन नगर परिषद परिसर आलोट
खारवाकलां मांगलिक भवन
ताल में पोरवाल धर्मशाला

**पुराना कलेक्ट्रेट परिसर गुलाब चक्कर पर फंटलाईन वर्कर्स कोवैक्सीन का दूसरा टीका लगाया जाएगा।**

## आइसीयू बेड की सुविधा वाले अस्पताल

| | | | |
|---|---|---|---|
| मेडिकल कॉलेज | 146 | गायत्री हॉस्पिटल | 05 |
| रेलवे हॉस्पिटल | 20 | आरोग्यम | 05 |
| आयुष ग्राम बंजली | 10 | रतलाम हॉस्पिटल | 06 |
| जीडी हॉस्पिटल | 10 | शाह हॉस्पिटल | 05 |
| सीएचएल | 10 | डॉ जीतमल हॉस्पिटल | 05 |
| जीवांश हॉस्पिटल | 05 | | |

(अनुमानित)

## वेंटिलेटर सुविधा युक्त अस्पताल

| | |
|---|---|
| मेडिकल कॉलेज | जीवांश हॉस्पिटल |
| सीएचएल | रतलाम हॉस्पिटल |

## यहां से भी ले सकते हैं जानकारी

**ऐप:** सार्थक, सार्थक, हेल्पलाइन: 1075

## यहां भरवा सकते हैं ऑक्सीजन सिलेंडर

**महावीर ऑक्सीजन औद्योगिक क्षेत्र**
**मालवा ऑक्सीजन औद्योगिक क्षेत्र**

12-5-21

# छह स्थानों पर लगेगा कोरोनारोधी टीका

## वैक्सीनेशन के लिए प्री-बुकिंग जरूरी, 640 डोज लगेंगे

रतलाम। जिले में बुधवार को 18 से 44 वर्ष आयु समूह के अंतर्गत छह स्थानों पर कुल 640 लोगों को कोविड टीका लगाया जाएगा। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि आनलाइन प्री बुकिंग का एसएमएस प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को शहर के लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे (क्षमता 100 हितग्राही), मोहन टाकीज घास बाजार (क्षमता 100) एवं आइएमए हाल राजेंद्र नगर (क्षमता 110), सूरज हाल वेद व्यास कालोनी (क्षमता 110), गुरुनानक सिंधु भवन संत कंवरराम नगर विरियाखेड़ी रोड (क्षमता 110), जवाहर नगर कम्युनिटी हाल (क्षमता 100) पर टीकाकरण किया जाएगा।

**45 वर्ष से अधिक आयु के लिए 14 केंद्र**

जिले में 45 वर्ष से अधिक आयु



समूह के अंतर्गत रतलाम शहर के जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड एवं कम्युनिटी हाल अलकापुरी पर व रतलाम ग्रामीण के हायर सेकंडरी स्कूल बिलपांक एवं हायर सेकंडरी स्कूल नामली, सैलाना में नगर परिषद सैलाना पुलिस स्टेशन के पास, ग्राम पंचायत भवन शिवगढ़, ग्राम पंचायत भवन सरवन, जनपद पंचायत भवन पिपलौदा, जावरा में रेडक्रास सोसायटी मीटिंग हाल, बाजना के मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास, रावटी के बालक छात्रावास क्रमांक दो, आलोट के अंबेडकर भवन नगर परिषद परिसर, मांगलिक भवन खारवाकलां मंडावल रोड के पास, ताल में पोरवाल धर्मशाला नीम चौक पर कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा। शहर में पुराने कलेक्टोरेट परिसर गुलाब चक्कर के पास केवल फ्रंटलाइन वर्कर को दूसरा टीका लगाया जाएगा।

**अब तक 1.53 लाख टीके लगाए**

जिले में अब तक कोविड के कुल 153562 डोज लगाए जा चुके हैं। टीकाकरण अंतर्गत कोविशील्ड का 24151 लोगों ने जबकि को-वैक्सीन का दूसरा टीका 4569 लोगों को लगाया जा चुका है।

12-5-21

# मुक्ति की राह के लिए पहल : बेकार पड़ी लकड़ियों को उठाना शुरू किया



रतलाम | मुक्तिधाम में लकड़ियों की कमी ना हो इसके लिए नगर निगम ने शहर में विभिन्न स्थानों पर बेकार पड़ी पेड़ की डालियों को उठाकर मुक्तिधाम पहुंचाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को शास्त्रीनगर में बेकार पड़ी लकड़ियों को उठाकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में ले जाया गया। वाघेला जीव दया समिति इसकी लंबे समय से मांग कर रही थी। समिति के दिनेश वाघेला ने बताया कि अभी भी राजस्व कॉलोनी, साइंस कॉलेज के अंदर, कालिकामाता मंदिर परिसर सहित अन्य स्थानों पर कई क्विंटल लकड़ियां बेकार रखी हुई हैं। निगम को इन्हें उठाना चाहिए। भास्कर

दै. भास्कर
12-5-21

# 195 किराना व्यापारी व कर्मचारियों की जांच की, 3 संक्रमित होम आइसोलेट किए

## फल व्यापारी सहित 18 कर्मचारियों की स्वास्थ्य अमले ने की जांच



हरमाला रोड पर फल विक्रेता और कर्मचारियों की जांच करती टीम।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लॉकडाउन में किराना के साथ ही फलों की होम डिलीवरी होना है। डिलीवरी बॉय लोगों के घर जाकर किराना सामान के साथ फलों की डिलीवरी देंगे। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने मंगलवार को किराना, फल के कारोबारियों के साथ उनके कर्मचारियों की जांच कराई। फल व्यापारी और उनके कर्मचारियों की जांच हरमाला रोड पर हुई। यहां 18 की जांच की गई। इसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव निकली।

वहीं किराना व्यापारी और उनके कर्मचारियों की जांच हरदेवलाला की पिपली स्थित आर्य समाज के मंदिर के हॉल में हुई। यहां 195 किराना व्यापारी, उनके कर्मचारी और डिलीवरी बॉय की जांच की तो 3 की रिपोर्ट पॉजिटिव निकली। इस पर उन्हें तत्काल होम आइसोलेट किया। जिन तीन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव निकली है उनमें संजय भूरिया, जगदीश कुमार धोलावड़ एवं सलीम खान शामिल हैं। ये तीनों ही किराना व्यापारियों के यहां कर्मचारी हैं। इन्हें तत्काल होम आइसोलेट कराया है।

### होम डिलीवरी देने वाले सभी का टेस्ट करवाया है

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया हम किराना, फलों की होम डिलीवरी की अनुमति दे रहे हैं। उन्हें लोगों के घर जाकर डिलीवरी देना है। चूंकि ये लोगों के संपर्क में आएंगे इससे सभी का टेस्ट कराया जा रहा है। किराना व्यापारी, कर्मचारी, फल व्यापारी और कर्मचारी मिलाकर 213 सैंपल लिए हैं जिनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। उन्हें होम आइसोलेट किया है।

### आज भी होगी व्यापारी और कर्मचारियों की जांच

हरदेव लाला की पिपली स्थित आर्य समाज मंदिर में बुधवार को भी किराना व्यापारी और उनके कर्मचारियों की जांच की जाएगी। जो कर्मचारी जांच से रह गए हैं। यहां उनके कोरोना के टेस्ट किए जाएंगे। बारी-बारी से 25-25 के टेस्ट लिए जाएंगे। मंगलवार को हुए टेस्ट में थोक किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज झालानी, संजय पारख, अजय भंडारी, रवि अग्रवाल, राजेंद्र राठौड़, मनोज पोपटानी, विनोद अग्रवाल, ललित चोटरानी, प्रवीण गुगलिया ने सहयोग दिया।

**रतलाम में कोरोना बेकाबू**

# 15 मई को विशेष रणनीति बनाने आएंगे सीएम क्योंकि... मई में 50 से ज्यादा तोड़ चुके दम, 350 के करीब रोज निकल रहे पॉजिटिव

- जिले की 66 ग्राम पंचायतों में फैला
- सीएम तीन घंटे के दौरे में अफसरों से करेंगे चर्चा
- ग्रामीण इलाकों के डॉक्टरों से वर्चुअल बात करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-5-21

तमाम इंतजामों के बावजूद जिले में कोरोना वायरस काबू में नहीं आ रहा है। मई में अब तक 50 से ज्यादा संक्रमित दम तोड़ चुके हैं। सख्ती के बावजूद हर दिन 350 के करीब पॉजिटिव निकल रहे हैं। इतना ही नहीं शहर से निकलकर वायरस जिले की 66 ग्राम पंचायतों में फैल गया है। इन्हीं सब कारणों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रतलाम को लेकर खासे चिंतित हैं। नियंत्रण के लिए विशेष रणनीति बनाने वे खुद 15 मई को रतलाम आएंगे। महज दो से तीन घंटे के दौरे में मुख्यमंत्री कलेक्टोरेट में अधिकारियों से कोरोना संक्रमण को लेकर बात करेंगे। इसके अलावा ग्रामीण अंचल के डॉक्टर व अफसरों से वर्चुअल बात कर सकते हैं। बुधवार या गुरुवार तक सीएम का डिटेल प्रोग्राम आ जाएगा। दौरे के पीछे एक बड़ा कारण प्रशासनिक जमावट को बताया जा रहा है। 20 दिनों में दो बड़े फेरबदल हुए हैं। पहला मेडिकल कॉलेज की डीन और दूसरा कलेक्टर को हटाना।

## इन पांच कारणों से आना पड़ रहा मुख्यमंत्री को

**1. प्रशासनिक जमावट-** जिले में नई व्यवस्था बनाएंगे क्योंकि 7 मई को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को हटाया, 19 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी को हटाया।

**2. ऑक्सीजन बेड हाउसफुल-** मेडिकल कॉलेज के सभी 348 और अन्य कोविड अस्पतालों 310 से ज्यादा ऑक्सीजन सपोर्ट वाले बेड हाउसफुल चल रहे हैं। अब संख्या बढ़ाएंगे।

**3. अंचल भी चपेट में-** अब कोरोना ग्रामीण क्षेत्र को चपेट में ले रहा है। जिले के 66 ग्राम पंचायतों में 1232 संक्रमित सामने आ चुके हैं। मंगलवार को 6 ग्राम को सील करना पड़ा।

**4. संक्रमित 15000 के करीब-** अब तक 14727 पॉजिटिव, हर दिन 350 के करीब मिल रहे हैं। 244 मौत हो चुकी, इनमें भी एक मई से 50 से ज्यादा दम तोड़ चुके।

**5. मेडिकल कॉलेज-** व्यवस्था नहीं सुधर रही, प्रापर ट्रीटमेंट नहीं हो रहा, भर्ती नहीं करने से एक वकील की चलती बाइक में और एक अन्य की अस्पताल के गेट पर हो चुकी मौत।

## एसपी से बोले मुख्यमंत्री- पहले सख्त कदम क्यों नहीं उठाए

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने वीसी से कोरोना संक्रमण का अपडेट लेते हुए जिला संकट प्रबंधन समूह से बात की। एसपी गौरव तिवारी से मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा पहले सख्त कदम क्यों नहीं उठाए। इस पर एसपी कुछ कारण बताने लगे तो सीएम बोले- अब रिजल्ट चाहिए। पहले कोरोना नियंत्रण को लेकर ठीक से व्यवस्था नहीं हो रही थी इसलिए कलेक्टर को बदलना पड़ा। जितनी सख्ती करना है करो, मुझे रिजल्ट चाहिए। मुख्यमंत्री ने नियंत्रण के लिए विशेष रणनीति बनाकर काम करने को कहा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने संक्रमण की स्थिति और ताजा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। एनआईसी कक्ष से हुई मीटिंग में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे, राजेंद्र सिंह लुनेरा, महेंद्र कटारिया भी मौजूद रहे। रतलाम विधायक चेतन्य काश्यप तथा रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना परिजन के कोरोना पॉजिटिव होने के कारण प्रोटोकॉल का पालन करते वीसी में उपस्थित नहीं हो पाए।

दवा बाजार की दो दुकानों पर छापा, 3

हजार

दै. भास्कर
12-5-21

(6)

# नगर निगम के कर और बिजली बिलों की वसूली स्थगित की जाए, सीएम को काश्यप ने लिखा पत्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-5-21

विधायक चेतन्य काश्यप ने जलकर सहित अन्य नगर निगम के विभिन्न कर और बिजली बिलों की वसूली स्थगित करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। इसमें विधायक काश्यप ने अप्रैल-मई के बिल 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट देने की मांग भी की है।

विधायक काश्यप के अनुसार जलकर सहित नगर निगम के अन्य कर और बिजली बिलों के भुगतान की प्रक्रिया से अधिकांश निम्न एवं मध्यमवर्गीय परिवार जुड़े हैं। लॉकडाउन के चलते परिवारों की अर्थव्यवस्था काफी प्रभावित हो गई है। सारे उपभोक्ता ऑनलाइन नहीं कर सकते हैं इसलिए आम उपभोक्ताओं को अप्रैल-मई माह के बकाया कर और बिजली बिल का भुगतान 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट दी जाए। इससे लाइन नहीं लगेगी, जिससे तीसरी लहर से बचने में भी मदद मिलेगी।

दै. भास्कर 12-5-21

# जल-कर सहित अन्य नगर निगम करों और बिजली बिलों की वसूली स्थगित की जाए

12-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने जलकर सहित अन्य नगर निगम करों तथा बिजली बिलों की वसूली स्थगित करने और अप्रैल-मई के बिल 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट देने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है।

विधायक काश्यप के अनुसार जलकर सहित अन्य नगर निगम करो तथा बिजली बिलों के भुगतान की प्रक्रिया से अधिकांश निम्न व मध्यम वर्गीय परिवार जुड़े हैं। लाकडाउन के चलते कई परिवारों की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई हैं। लगातार लाकडाउन के चलते आफलाइन भुगतान हेतु आमजन का घर से निकलना संभव नहीं है। आनलाइन भुगतान व्यवस्था में भी सभी उपभोक्ता शामिल नहीं हो सकते हैं। इसलिए आम उपभोक्ताओं को बिना किसी पेनल्टी के अप्रैल-मई माह के बकाया नगर निगम करो एवं बिजली बिल के भुगतान स्थगित कर 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट प्रदान की जाए। इससे आमजन को पूरा समय मिलेगा। बिल भरने वालों की लाइन नहीं लगेगी।

**जनहित**

- शहर विधायक ने चेतन्य काश्यप ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र
- वैश्विक महामारी के चलते कई परिवारों की अर्थव्यवस्था प्रभावित

नई दुनिया 12-5-21

# जलकर सहित अन्य नगर निगम करो, बिजली

# जिले की 66 ग्राम पंचायतों में पांच से ज्यादा मरीज, बिलपांक सबसे आगे

**कोरोना कहर** ● रतलाम जनपद की पंचायतों में सर्वाधिक संक्रमण, हालात को देखते हुए अब ग्रामवार नियंत्रण के इंतजाम होंगे



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले के गांवों में कोरोना के ज्यादा मामले आने के बाद अब प्रशासन ने पांच से ज्यादा मरीज होने पर पूरे गांव को कंटेनमेंट जोन बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसमें गांव में आवाजाही बंद कर कोरोना गाइड-लाइन का पालन भी सख्ती से कराया जाएगा। प्रारंभिक तौर पर जिले के 66 ग्राम पंचायतों में पांच से ज्यादा मरीज हैं, इसमें रतलाम जनपद में आने वाले गांवों की संख्या सर्वाधिक है। बिलपांक में सबसे ज्यादा करीब 240 मरीज हैं। इसके अलावा सैलाना व पिपलौदा में भी मरीजों की संख्या ज्यादा है जबकि आलोट, जावरा व बाजना जनपद के गांवों में मरीज कम हैं।

मालूम हो कि शहर में तेजी से संक्रमण फैलने के बाद गांवों से अब गंभीर मरीज सामने आ रहे हैं। इससे मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आइसोलेशन सेंटर के साथ-साथ कंटेनमेंट जोन बनाकर संक्रमण पर नियंत्रण की तैयारी की जा रही है। शहर में सोमवार रात से कंटेनमेंट जोन बनाने का काम मंगलवार दोपहर में भी चला। 50 स्थानों पर माइक्रो कंटेनमेंट बनाए गए हैं।

सर्वाधिक संक्रमण वाली ग्राम पंचायतों में प्रमुख रूप से बिलपांक, धराड़, शिवगढ़, सरवन, बांगरोद, पलसोड़ा, सेजावता, अमलेटा, बिरमावल, सेमलिया, रावटी, पंचेड़ शामिल हैं।



जिले के ग्राम बांगरोद में पंचायत द्वारा कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सैनिटाइजर का छिड़काव कराया गया। ●नईदुनिया

## निगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य

रतलाम। कोविड-19 के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए गोवा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार तत्काल प्रभाव से ट्रेन से गोवा जाने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य स्टेशन पहुंचने के पूर्व 72 घंटों के भीतर करवाई गई निगेटिव आरटी-पीसीआर रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। यात्रा के दौरान व स्टेशन पर निर्धारित तरीके से मास्क पहने रहना अनिवार्य है। सभी को शारीरिक दूरी के नियम का पालन करना होगा। यात्रियों का आवश्यकता अनुसार स्टेशन पर टेस्ट/चेकअप किया जाएगा। सभी स्टेशनों पर यात्रियों का थर्मल स्क्रीनिंग किया जा रहा है। मंडल रेल प्रवक्ता जेके जयंत ने बताया कि भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। गोवा सरकार द्वारा दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों के लिए गंतव्य स्टेशन पहुंचने से 72 घंटों के भीतर करवाई गई आरटी-पीसीआर निगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य कर दिया गया है। भारतीय रेल द्वारा तय स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर के अनुसार सभी यात्रियों को मास्क या फेस कवर जरूर पहनना चाहिए।

### जिले के गांवों में कोरोना की स्थिति

| जनपद | ग्राम पंचायतें | कुल मरीज |
|---|---|---|
| रतलाम | 39 | 766 |
| सैलाना | 04 | 226 |
| पिपलौदा | 13 | 138 |
| आलोट | 07 | 55 |
| बाजना | 02 | 40 |
| जावरा | 01 | 07 |

## महावीर इंटरनेशनल ने प्रदान किए आवश्यक इंजेक्शन

रतलाम। सामाजिक संस्था महावीर इंटरनेशनल ने मेडिकल कालेज प्रबंधन को कोरोना मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक इंजेक्शन डीन डा. जितेंद्र गुप्ता को प्रदान किए। संस्था अध्यक्ष डा. प्रदीप जैन और संयोजक सुरेंद्र जैन ने बताया कि निमंत्रण बिल्डर्स के सौजन्य से महावीर इंटरनेशनल द्वारा पौने दो लाख रुपये मूल्य के आवश्यक इंजेक्शन कालेज प्रबंधन को प्रदान किए गए। संयोजक सुरेंद्र जैन ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल ने जीवन रक्षक रेमडेसिविर के 1000 इंजेक्शन रतलाम शहर में उपलब्ध करवाए और जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क प्रदान किए थे। शीघ्र ही लगभग तीन लाख मूल्य के इंजेक्शन और मेडिकल कालेज को कोरोना के मरीजों के उपचार के लिए प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डा. प्रदीप जैन, सुरेंद्र जैन, विशाल वर्मा आदि उपस्थित थे।



हम सभी को 'सफाई भी, दवाई भी, कड़ाई भी' के मंत्र का पालन करना होगा। दूसरों से भी इसका पालन करवाना होगा। कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में टीका ही सबसे बड़ा हथियार है। टीका जरूर लगवाएं। **-कांतिलाल परमार, शिक्षक, ग्राम सिमलावदा**



लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच करवाएं। वैक्सीन लगवाने के साथ ही हमेशा मास्क लगाकर रखें। जब भी जरूरी काम होने पर बाजार में आएं तो कोविड-19 के नियमों का पालन करें। **-भरत मनसुखानी, अध्यक्ष किराना एसो., कोठी बाजार जावरा**



यह वक्त इंसानियत को प्राथमिकता देने का है। प्रशासन को जमाखोरी व कालाबाजारी करने वालों पर सख्त रुख अपनाना चाहिए। कोरोना संक्रमण काल में दूरी बनाकर अपना कार्य करें। भीड़ में जाने से बचें। हमेशा मास्क पहनें। **-अभय मांडोत, व्यवसायी, जावरा**



यदि ईश्वर ने आपको वैचारिक, आर्थिक, शारीरिक रूप से सक्षम बनाया है, तो इस विकट परिस्थिति में जहां है, वहां रहते हुए जरूरतमंदों की मदद करिएं। सकारात्मक रहकर भयमुक्त होकर कोरोना का मुकाबला करें। **- विशाल पटेल, व्यवसायी, गांधी कालोनी जावरा**



आपदा के समय में घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। मेरा सभी से निवेदन है कि हमेशा मास्क पहनें। अपने हाथ नियमित रूप से साबुन, पानी से धोएं निडर होकर टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीका लगवाएं। **- अरुणा बंडालिया, समाजसेविका, लाला गली के सामने सोमवारिया जावरा**



टीका, मास्क, सैनिटाइजर और दूरी उतने ही जरूरी है, जितने कि गाड़ी चलाते समय हेलमेट व सेफ ड्राइविंग के नियमों का पालन करना। इनमें हुई चूक हम पर भारी पड़ सकती है। फिर भी अगर कोरोना हो ही जाए तो घबराना नहीं है, जल्दी से जल्दी इलाज कराएं। **- डा. सारांश जैन, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ**

नई दुनिया
12-5-21

**किल कोरोना अभियान-2** • आपके घर आ रही है स्वास्थ्य विभाग की टीम, अपनी बीमारी को छिपाए नहीं... सही जानकारी साझा करें

# दो दिन में 47 हजार से पूछताछ, 122 ने बताया- हमें बुखार-जुकाम

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

12-5-21

तेज धूप... 41 डिग्री का तापमान... ऐसी गर्मी में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम आपके घर आ रही है... आपकी सेहत जानने ताकि, आपको अस्पताल जाने की जरूरत ना पड़े, घर पर ही आपको दवा की किट दे दी जाए; जिससे आप जल्द ठीक हो जाएं। लेकिन टीम दो दिन में 47 हजार से ज्यादा घरों में जा चुकी है, इनमें से सिर्फ 122 लोगों ने ही बताया है कि उन्हें बुखार, सर्दी या खांसी हो रही है। सभी को घर पर भी दवा दे दी है। ये संख्या विचार करने योग्य है... इधर अधिकारियों ने भी अपील की है कि आप अपनी बीमारी को छिपाएं नहीं, समय पर बता देंगे तो गंभीर होने से पहले ही इलाज हो सकेगा।

जिले में किल कोरोना-2 अभियान चल रहा है। इसमें अलग-अलग टीमें शहर में घूम रही हैं जिसमें 98 निगमकर्मी, 286 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 72 आशा कार्यकर्ता और 10 सुपरवाइजर हैं। टीम घर-घर पूछ रही है कि किसी को सर्दी, खांसी या बुखार हो तो बता दें... लेकिन मंगलवार को 6459 घरों में 30306 लोगों में से 85 लोगों ने ही इस बारे में जानकारी दी। वहीं, सोमवार को भी अभियान में स्थिति ऐसी ही थी। 16 हजार लोगों में से सिर्फ 37 लोगों ने ही सर्दी, खांसी और बुखार का कहा था।

## डर... मेडिकल कॉलेज ले जाएंगे, ऐसा नहीं है, घर पर ही देंगे दवा, छह तरह की दवा की किट के बारे में भी बताया

इधर, एक डर ये भी सामने आ रहा है कि सच बताया तो मेडिकल कॉलेज या अस्पताल में भर्ती करवा देंगे। लेकिन, ऐसा नहीं है। प्रभारी लोकेश वैष्णव ने बताया कि 6 तरह की दवा की किट है यह मरीज को दे दी जाएगी। इससे उन्हें अस्पताल जाने की जरूरत ही नहीं होगी। प्रभारी ने अपील की है कि बीमारी को छिपाएं नहीं, बल्कि खुलकर बताएं ताकि समय पर इलाज मिल सके।

### दो दिन में जांच की स्थिति

| 10 मई | | 11 मई | |
|---|---|---|---|
| घर | 3408 | घर | 6459 |
| सदस्य | 16991 | सदस्य | 30336 |
| संदिग्ध मरीज | 37 | संदिग्ध मरीज | 85 |



शहर में इस तरह स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास की टीम पूछताछ कर रही है।

दै० भास्कर
12-5-21

# नगर निगम में किल कोरोना समिति बनते ही कांग्रेस ने किया विरोध

रतलाम. किल कोरोना-3 अभियान के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केंद्रों के लिए किल कोरोना समिति बनाई गई है। समिति बनते ही कांग्रेस ने यह कहकर विरोध शुरू कर दिया है कि उनके कार्यकर्ता वार्डों में काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जगह नहीं दी गई।

कोविड सहायता केंद्र वार्ड 33, 34, 35, 36 व 31 टीआईटी रोड डिस्पेंसरी हेतु विपिन पोरवाल, रवि जौहरी, संजय दलाल, रणजीतसिंह परिहार व संतोष कोलम्बेकर, वार्ड 30, 31 व 32 जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड हेतु राकेश परमार, अश्विन जायसवाल, योगेश कैथवास व नरेंद्र तिवारी, वार्ड 27, 28 व 29 दिलीप नगर डिस्पेंसरी हेतु रमेश पांचाल, निखिल पांचाल, वार्ड 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 मोती नगर प्राथमिक स्कूल हेतु क्रमांक नंदकिशोर, राकेश मीणा, राजेश रांका, सुरेंद्र भाटी, सुशील सिलावट व गजेंद्र पडियार, वार्ड 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हाकिम वाड़ा डिस्पेंसरी हेतु दिलीप गांधी, स्नेहित उपाध्याय, हितेश कामरेड, असीम व्यास, चमन मारू व सुनील आलोदिया माली, वार्ड 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल हेतु मोहन वर्मा, अनीता कटारा, बंटी बोहरा, गौरव त्रिपाठी, गोवर्धन धारवा व मनोहरसिंह गौड़, वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर हेतु भगतसिंह भदौरिया, विवेक शर्मा, सोना शर्मा व सारिका दीक्षित व वार्ड 9, 10, 11, 12, 13 व 14 रेडक्रॉस भवन खिरियाखेड़ी मेन रोड हेतु धर्मेंद्रसिंह देवड़ा, प्रकाश बंशीलाल, कमलेश जोशी, जयकिरण वर्मा व मुकेश सोनी की समिति बनाई गई है।

कांग्रेस का आरोप है समिति में वार्डों में मार्च 2020 से काम करने वालों को जगह नहीं मिली है, जबकि वे लोग जो कोरोना काल के दौरान बाहर मदद के लिए नहीं आए उनको जगह दे दी गई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के अनुसार समिति में भाजपा कार्यकर्ता लेना, निगम का भाजपाईकरण करना है।

# रतलाम में 335 नए मरीज मिले, 5 लोगों ने तोड़ा दम

रतलाम | हमारे जिले में कोरोना संक्रमण बेकाबू है, हालांकि, अच्छी बात यह है कि चार दिन से लगातार नए पॉजिटिव की संख्या कम हो रही है। मंगलवार को 335 संक्रमित सामने आए हैं। ऐसा 6 दिन बाद हुआ है। जिले में रतलाम के साथ ही ग्रामीण अंचलों में लगातार केस बढ़ रहे है। मंगलवार को जिले में कुल संक्रमित का आंकड़ा 14727 पर पहुंच गया है। इधर, जिले में 8 मई को 398 पॉजिटिव आए थे, जो अब तक के सर्वाधिक थे। इसके बाद से केस कम होने लगे हैं। मंगलवार को 335 संक्रमित मिले।

## जिले में अब तक हो चुकी हैं 244 मौत

इधर, जिले में संक्रमित कम हो रहे है, लेकिन मौत का आंकड़ा चिंताजनक बना हुआ है। अब तक 244 मौत हो गई है। मंगलवार को पांच लोगों ने दम तोड़ा। जिले में 1 मई से अब तक 50 लोग कोरोना से दम तोड़ चुके हैं।

# 11वें दिन 335 नए पाजिटिव और पांच की मौत, लगातार बढ़ रहे केस

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में लगातार संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर के साथ गांव-कस्बों से भी बड़ी संख्या में नए पाजिटिव केस सामने आ रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में गंभीर मरीजों को बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कुछ जरूरी दवाओं के लिए मरीजों के स्वजनों को जद्दोजहद करना पड़ रही है। दवाओं व जरूरी उपकरणों की कालाबाजारी भी चल रही है। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ी हुई है। मई माह के 11वें दिन मंगलवार को 335 नए पाजिटिव केस सामने आए। पांच की मौत हुई। 215 मरीजों को स्वस्थ होने पर

मेडिकल कालेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 202 में से 91 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 439 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 315 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 111 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 5320, डिस्ट्रीब्यूटेड 1173, कन्ज्यूम्ड 4108, करंट स्टाक 39 है।

ई-दक्ष केंद्र से मंगलवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला

उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाए गए। सात मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। सात मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाए गए। चार मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। मंगलवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, मदरसा खाचरौद रोड, वेदव्यास कालोनी,

# दुकान खुली मिलने पर एफआईआर दर्ज थी, लेकिन व्यापारी ने फिर खोली तो सील कर दी

## माणकचौक थाने से महज 50 मीटर दूर स्थित स्टाइल एंड फैशन की दुकान खुली मिलने पर कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-5-21

शहर में 17 मई तक कोरोना कर्फ्यू लगा है। इसके बाद भी शहर में दुकानें खोलकर कारोबार किया जा रहा है। मंगलवार शाम को जिला प्रशासन को सूचना मिली कि माणकचौक स्थित स्टाइल एंड फैशन की दुकान खुली है और ग्राहकों को कपड़े बेचे जा रहे हैं।

इस पर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने टीम से दिखवाया तो वाकई दुकान चालू मिली। इस एसडीएम टीम के साथ पहुंचे और दुकान सील करवा दी। दुकान संचालक जियाउद्दीन ने बताया मैं तो सफाई करने आया था। जबकि ग्राहकी होना मिला। इस पर एसडीएम ने दुकान को सील करवा दिया है।

### एफआईआर हुई थी, फिर भी खोल ली दुकान

यह दुकान माणकचौक थाने से महज 50 मीटर दूर है। संबंधित दुकान खुली मिलने पर पुलिस ने इसी व्यापारी के खिलाफ 3 मई को एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद भी व्यापारी पर कोई फर्क नहीं पड़ा और पुलिस की कार्रवाई से बेखौफ होकर कपड़ा व्यापारी ने दुकान खोल ली। इस पर आखिरकार जिला प्रशासन को संबंधित दुकान सील करना पड़ी।



माणकचौक स्थित स्टाइल एंड फैशन की दुकान को सील करवाते जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अफसर।

## तीन दुकानों में ग्राहकों की भीड़ मिलने पर पांच के खिलाफ प्रकरण दर्ज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

माणकचौक क्षेत्र में कपड़े की तीन दुकानें खुली मिलने पर पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर 252 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

माणकचौक थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया बाजार क्षेत्र में दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ मिलने पर बजाज खाना में कपड़ों की दो दुकानों में ग्राहकों की भीड़ मिलने पर सुरेश पिता बाघमल भंडारी तथा कय्यवन्ना पिता वर्धमान जैन के खिलाफ तथा धनजीबाई का नोहरा में दुकान में ग्राहकों की भीड़ मिलने पर वैभव पिता सुनील जैन, जितेंद्र पिता कालूराम राठौड़ तथा शेखर पिता किशनलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इसके अलावा शहर में अकारण घूम रहे 21 लोगों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई कर अस्थायी जेल भेजा गया है। मास्क लगाए बगैर घूम रहे 153 लोगों के चालान बनाकर मास्क वितरित किए तथा 78 वाहनों के चालान बनाए।

12-5-21

# तीन दुकानदारों ने लॉकडाउन में खोली दुकानें, तीनों पर केस दर्ज

### पुलिस ने 153 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की, 21 को खुली जेल भेजा

रतलाम. कोरोना कर्फ्यू लागू होने के बावजूद कतिपय दुकानदार थोड़े से लालच में दुकानें खोलकर सामग्री बेच रहे हैं। माणकचौक पुलिस ने ऐसे ही तीन दुकानदारों के खिलाफ धारा 188 में केस दर्ज किया है। दूसरी तरफ बिना काम से बाजार में घूमने वाले 153 वाहन

कालूराम राठौर और शेखर पिता किशनलाल निवासी धनजीबाई का नोहरा में कपड़े की दुकान खोलकर भीड़ लगा ली थी। कपड़े बेचने पर प्रकरण दर्ज किया गया। इसी थानांतर्गत ही कय्यवन्ना पिता वर्धमान जैन निवासी बजाज खाना ने भी कपड़े की दुकान खोल कर भीड़ लगाई और कपड़े बेचे। आरोपी पर केस दर्ज किया गया। **लॉकडाउन** में बिना किसी वजह बाहर घूमने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

# होम आईसोलेट 109 मरीजो को किया मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम । कोविड- 19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्डवार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की । ई- दक्ष केन्द्र रतलाम से 11 मई को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 135 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई व कन्ट्रोल रूम से 1 मेडिसिन किट अग्निशमन विभाग से वार्डवार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई । वार्डवार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 109 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया । 7 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 7 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 7 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 4 मरीजो को पूर्व से ही मेडिकिन किट प्राप्त होना पाया गया । इसके अलावा 264 मेडिसीन किट मरीज के परिजनों को प्रदान की गई।

# गरीब परिवारों को जारी होगी अस्थायी पात्रता पर्ची, 24 श्रेणियां निर्धारित

## कोरोना संक्रमण के दौरान तीन माह सरकारी राशन निशुल्क दिया जाएगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण के दौरान ऐसे गरीब पात्र परिवारों को जिनके पास पात्रता पर्ची नहीं है, उन्हें तीन माह का राशन निशुल्क देने के लिए अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की जाएगी।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एचएस चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्रता पर्ची के लिए 24 श्रेणी निर्धारित की गई है। इस श्रेणी के हितग्राहियों को सत्यापन के बाद तीन माह के लिए अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की जायेगी। ऐसे पात्र हितग्राही जो अस्थाई पर्ची बनवाना चाहते हैं, संबंधित दस्तावेज नहीं होने संबंधी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में सह घोषणा-पत्र सहित स्थानीय निकाय में जमा करेंगे।

अस्थायी पर्ची के लिए परिवार की समग्र आइडी जरूरी होगी। जिन हितग्राहियों की समग्र आइडी नहीं होगी उनकी आइडी भी स्थानीय निकाय द्वारा अतिशीघ्र बनाई जाएगी। इसके लिए आवेदक परिवार के जिन सदस्यों के आधार नंबर होंगे पोर्टल पर दर्ज कराए जाएंगे। यह प्रक्रिया तीन माह तक रहेगी। पात्रता पर्ची प्रति सप्ताह जारी की जायेगी। इसे राशन मित्र पोर्टल से प्राप्त किया जा सकेगा।

पर्ची पर अस्थाई अथवा तीन माह तक वैधता की अवधि अंकित की जाएगी, जो आवेदक स्थायी पर्ची प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें तीन माह के भीतर स्थायी पर्ची के लिए निर्धारित दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रति जमा कराना जरूरी होगा। वांछित पर्ची प्राप्त होने पर उन्हें स्थायी पर्ची जारी की जा सकेगी।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिस माह से पर्ची जारी की जाएगी, उस माह से आवेदक अपना राशन दुकान से ले सकेगा। आवेदक को पीओएस मशीन द्वारा राशन उपलब्ध कराया जाएगा। परिवार को प्रति सदस्य पांच किलो खाद्यान्न मिलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में मई एवं जून का 10 किलो खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा।

नई दुनिया
12-5-21

# सफाई व्यवस्था पर नजर रखने जनप्रभारी बनाए

रतलाम | शहर की सफाई व्यवस्था में और कसावट लाने के लिए कलेक्टर व प्रशासनिक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जोन प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। चार जोन में सफाई व्यवस्था के पर्यवेक्षण और वार्ड प्रभारियों पर नियंत्रण के लिए जोन एक (वार्ड 1 से 14) तक के लिए विनय सिंह चौहान, जोन दो (वार्ड 27 से 39) तक के लिए पर्वत हाड़े, जोन तीन (वार्ड 15 से 18, 22, 23, 45, 49) के लिए किरण चौहान, जोन चार (वार्ड 19 से 21, 24 से 26 व 40 से 44) के लिए एपी सिंह को जोन प्रभारी बनाया है।